IV 24/2009

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RU

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

AD 629660

अन्जू ट्रस्ट

न्यास विलेख

यह न्यास विलेख आज दिनांक 19.11.09 को अम्बेडकर नगर में बदामा देवी पत्नी श्री त्रिभुवन दत्त निवासी ग्राम राहुन नगर कालोनी बसखारी रोड अकबरपुर अम्बेडकर नगर उ0प्र0 द्वारा घोषित किया गया है जिसमें न्यासी कर्ता/संस्थापक कहा जायेगा क्योंकि न्यासकर्ता संस्थापक पर रू0 50,000/–(पचास हजार रुपये) की राशि है, जिसे कि वह पुरुषार्थ एवं सामाजिक कार्यों हेतु दान देने की इच्छा करते है। न्यासकर्ता/संस्थापक उक्त राशि का अप्रति सहरणीय न्यास बनाने हेतु इच्छुक जो कि समाज उत्थान एवं विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र मे कार्य करना। यह ट्रस्ट का न्यासकर्ता मैनेजिंग ट्रस्टी होगा जिसे कि आगे चलकर ट्रस्ट की अध्यक्ष कहा जा सकेगा। न्यासकर्ता/संस्थापक यह भी इच्छा है कि वह विभिन्न श्रोतों से दान, उपहार, ऋण आदि भी सम्मिलित है, जिसके द्वारा ट्रस्ट अपने उद्देश्यों में प्रभावी रूप से सफल हो सके और न्यासकर्ता/संस्थापक में अपनी इच्छा के अनुकूल रू0 50,000/– (रू0 पचास हजार) नकद राशि ट्रस्ट को प्रदान की है।

क्योंकि वर्तमान में इस ट्रस्ट का पंजीकृत कार्यालय राहुल नगर कालोनी बसखारी रोड, अकबरपुर अम्बेडकर नगर उ0प्र0 तथा प्रशासनिक कार्यालय विधायक निवास बहुखण्डीय, लखनऊ होगा, अधिक सुविधाजनक स्थान मिलने पर इस कार्यालय को समय–समय पर स्थानान्तरित किया जा सकेगा।

क्रमशः.........

AnyScanner

Scanned with AnyScanner